| **SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE**<br>Vishweshwarapuram, Bangalore.<br>**Mock Exam 1 - Feb.2016** | **Course:** | II PUC |
|---|---|---|
| | **Subject:** | **Hindi** |
| | **Max. Marks:** | 100 |
| | **Duration:** | 3:15 hrs. |

**सूचना: (i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।**
**(ii) प्रश्नों को क्रमांक संख्या के अनुसार लिखना आवश्यक है।**

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 6 x 1 = 6**

१) सुजान की गोद में सिर रखे किन्हे अकथनीय सुख मिल रहा था ?
२) किसका संकट चर्चा का विषय बना हुआ है?
३) पिताजी के अंतरंग मित्र का नाम लिखिए।
४) विश्वेश्वरय्या का पूरा नाम लिखिए ?
५) चीफ साहब की खुशामद करने से शामनाथ को क्या लाभ हो सकता था ?
६) 'स्लम डाग मिलियनेर' फिल्म किसकी पुस्तक के आधार पर बनीं है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 x 3 = 9**

७) घर में सुजान भगत का अनादर कैसे हुआ ?
८) गन्नु भंडारी की माँ का परिचय दीजिए।
९) विश्वेश्वरय्या की शिक्षा के बारे में लिखिए।
१०) बड़े साहब ने नारद से दफ्तरों के रीति–रिवाज़ के बारे में क्या कहा ?
११) जापान में हिन्दी के प्रभाव–प्रसार पर टिप्पणी लिखिए ?

**IIअ) निम्नलिखित वाक्यों को किसने, किससे कहा? 4 x 1 = 4**

१२) 'धरम के काम में मीन–मेष निकलना अच्छा नहीं'।
१३) 'जब से बीमारी से उठी हूँ नाक से साँस नहीं ले सकती'।
१४) 'लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए तब बुलाना।'
१५) 'मुझे भिक्षा नहीं चाहिए, मुझे भोलाराम के बारे में कुछ पूछ ताछ करनी है।'

**आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2 x 3 = 6**

१६) 'सत्य बोलने ही से समाज में हमारा सम्मान हो सकेगा और हम आनंदपूर्वक हमारा समय बिता सकेंगे।'
१७) 'पतन की जब पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुनः उत्थान की किरणें फटती है।'
१८) 'ओ अम्मी ! तुमने तो आज रंग ला दिया।'
१९) "यहाँ तो डेंटिस्ट मक्खी मारते होंगे।"

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 6 x 1 = 6**

२०) गोपिकाएँ किसे संबोधित करते हुए बातें कर रही हैं ?
२१) बाँसरी किस रंग की है?
२२) प्राणों की सार्थकता किसमें है?
२३) हवा को क्या हो जाने से बचाना है?
२४) तमिलनाडू में रामायण का ज्ञान कौन दे रहा है ?
२५) पीर पर्वत हिमालय से क्या निकलनी चाहिए?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 3 = 6**

२६) रहीम जी ने चिता और चिंता के अंतर को कैसे समझाया स्पष्ट कीजिए।
२७) गहने कविता के द्वारा कवि ने क्या आशय व्यक्त किया है ?
२८) वृक्ष न दिखने पर कवि उसकी यादों में कैसे खो गये ?
२९) पीड़ित व्यक्ति की संवेदना को कवि दुष्यन्त कुमार नें किस प्रकार व्यक्त किया है ?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **2 x 4 = 8**

३०) रैदास श्रम करि खाइहि
जो लौ पार बासाय ।
नेक कमाई जउ करइ
कबुहँ ना निहफल जाय ॥

**अथवा**

अति अगाधु, अति औथरौ, नदी ,कूप, सरु, बाई ।
सो ताकौ सागरू जहाँ, जाकी प्यास बुझाइ ॥

३१) ताकि दिखाई दो सुंदर, बहुत ही सुंदर–यों कहती हो
सुंदर लगे किसको, कहो माँ ?
देखने वालों को लगता है सुंदर, देवा है आनंद :
मगर मुझे बनता है बड़ा बंधन !

**अथवा**

वेद और उपनिषद् ज्ञान गीत का तत्व प्रदाता है ।
सरस्वती सरिता तट वैदिक मन्त्रों का उदगात है ॥
हरित–भरित हरियाणा, अर्जुन, भीम, युधिष्ठिर का स्थल है ।
धर्म–कर्म–संस्कृति–सभ्यता, बल–पौरूष का सम्बल है ॥

IV **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **5 x 1 = 5**

३२) मिश्रानी कितने वर्षों से मूलराज के परिवार से काम कर रही थी?
३३) बरगद का पेड़ किन लोगों ने उखाड़ दिया है?
३४) पेड़ की छाया को बढ़ाने का काम कौन करती है?
३५) पिता ने भारवि की किन शब्दों में ताडना की?
३६) ब्रह्म का निवास कहाँ होता है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2 x 5 = 10**

३७) दादा जी के 'बडप्पन' के संबंध में क्या विचार थे?

**अथवा**

बेला ने भावावेश में रुँधे हुए कंठ से दादा जी से क्या कहा?

३८) शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा ?

**अथवा**

प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए ?

V **अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :** **4 x 1 = 4**

३९)(i) भोला थक गयी है ।
(ii) विश्वेश्वरय्या समय की बडे पाबन्द थे ।
(iii) अजमेर से पहले पिता जी इंदौर में रहता था ।
(iv) पहले से कुछ कमी करुप नज़र आ रही थी ।

**आ) कोष्ठक में दिए गये उचित शब्दों से रिक्त स्थान भजिए :** **4 x 1 = 4**

**(ऊँध, बज़ार, पशु–पक्षी, आत्मा)**

४० (i) हमारी––––––हमें जो कहे, उसकी अनुसार हमे चलना चाहिए ।
(ii) –––––––––तक इनके कुकर्मों पर हंसने लगे है ।
(iii) बाहर चपरासी––––––––– रहा था ।
(iv) मन्दिर से जुडा विस्तृत–––––––– है ।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **3 x 1 = 3**

४१ (i) सब उसकी निन्दा करते है । (भूतकाल में बदलिए)
(ii) उस वन में प्रातः काल का दृश्य बहुत ही सुहातना होता था । (वर्तमानकाल में बदलिए)

(iii) महासमर संसार की सबसे बडी समस्य है । (भविष्यत्काल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** **4 x 1 = 4**

४२ (i) आस्तीन का साँप – कहीं का नहीं

(ii) न घर न घाट का – कपटी मित्र

(iii) खरी–खोटी सुनाना – पूरे लाभ में

(iv) पाँचों उँगलियाँ धी में – भला–बुरा कहना

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए :** **3 x 1 = 3**

४३ साधु, उपदेशक, विदुषी

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :** **3 x 1 = 3**

४४ अ) जिसका निवारण नहीं किया जा सके –

आ) भविष्य में होनेवाली –

इ) कम या मीत बोलनेवाला –

**ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नये शब्दों का निर्माण कीजिए :** **2 x 1 = 2**

४५ अ) वास आ) युक्त

**ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए :** **2 x 1 = 2**

४६ अ) भूलावा, आ) क्षत्रिय

VI **अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** **1 x 5 = 5**

४७. अ) भारत में असहिष्णुता आ) डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम इ) भारतीय सीनेमा

**अथवा**

चरित्र प्रमाण–पत्र प्राप्त–हेतु अपने महाविहालय के प्रचार्य को एक पत्र लिखिए ।

**आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **5 x 1 = 5**

हमारे मन की थकावट और ताजगी के लिए हमारी मानसिक स्थिति अधिक ज़िम्मेदार है । निराशा हमारी सबसे बडी शत्रु है । शरीरीक योगस्यता को नष्ट करनेवाला इससे बढकर कोई दूसरा नहीं है । इसका ज़हरीला असर इतना भषिण होता है कि महीनों के लगातर परिश्रम की थकावट भी उसका मुकाबला नहीं कर सकती । इसके प्रतिकूल शान्त निद्रा से जो ताज़गी मिलती है, उससे भी इन्द्रियों में सफूर्ति पैदा हो जाती है । प्रत्येक बुद्धिमान आदमी शरीरीक योग्यता प्राप्त करना चाहता है । चाहे वह जीवन की किसी भी अवस्या में क्यों न हो, चाई वह व्यापार–वाणिजय में लगा हुआ हो, पुस्तक लिखता हो, कारीगर हो, समाजसेवा में दत्तचित्त हो, प्रत्येक अवस्था में वह सदा अधिक काम करते रहने और आगे बढ़ते रहने के लिए आतुर रहता है । जो कुछ वह करता है, उसकी सदा यही इच्छा रहती है कि उसकी योग्याता बढे । इसकी उपलब्धि का एकमात्र उपाय यह है कि प्रत्येक काम निपुणता के साथ शरीरिक योग्यता बढाते हुए किया जाय ।

**प्रश्नों–**

अ) हमारा सबसे बडा शत्रु कौन है ?

आ) शान्त निद्रा से क्या मिलता है ?

इ) प्रत्येक बुद्धिमान आदमी क्या प्राप्त करना चाहता है?

ई) सभी लोग, चाहे वो किसी भी स्थिति में हो, वो किसके लिए अतुर रहते है ?

उ) उपरोक्त अनुच्छेद को अचित शीर्षक दिजीए ?

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए –** **5 x 1 = 5**

४८. a) Sir. M Vishveshwaraya was a very punctual person.

b) The development of a country is dependent on the prosperity and the growth of its culture.

c) Bharavi wrote the epic ‘Kiratharjunniyama’.

d) Compared to the temple, the palace was more beautiful and captivating.

e) He is a writer of Gandhian thinking.

******